RAF SECTOR
NEWS CLIP
14/10/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar, Jamshedpur (JKD)

कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे जवान

शपथ लेते रैफ के जवान.

नरवा: सुंदरनगर स्थित रैफ 106 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार के मार्ग दर्शन एवं उप कमांडेंट अनामी शरण के नेतृत्व में रैफ 106 वाहिनी के सभी अधिकारी एवं जवानों ने कोविड -19 महामारी से बचाव की जानकारी लोगों तक पहुंचाने की शपथ ली. यह कार्यक्रम 19 जनवरी तक चलेगी. इस दौरान महामारी से बचाव के प्रति लगभग 04 लाख 80 हजार लोगों को जागरूक करेंगे.

United Bharat, Prayagraj (UP)

कोविड-१९ से बचाव के लिए आरएएफ ने चलाया जागरूकता अभियान

सहसों कार्यालय

फाफामऊः प्रयागराज। सोमवार को आर०ए०एफ० प्रांगण में आर०ए०एफ० के जवानों द्वारा कोविड-१९ महामारी के रोक थाम व बचांव के लिए राष्ट्रीय जन जागरूकता अभियान के तहत शपथ ली। गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा कोविड १९ महामारी के बढ़ते प्रकोप के कारण एक राष्ट्रीय जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया है। १०१ आर०ए०एफ० के द्वितीय कमान अधिकारी नरेन्द्र कुमार ने सभी अधिकारियों एवं जवानों को इस महामारी को लेकर दूसरों को सतर्क करने, आवश्यक सावधानिया बरतने और इस महामारी के जंग जीतने की शपथ दिलाई। उन्होने आगे कहा कि कोरोना से बचाव के लिए चेहरे पर मास्क पहनना एक दूसरे से कम से कम दो गज की दूरी बनाए रखना एवं हाथो को नियमित रूप से धोना जरूरी है। इसके साथ ही कोविड १९ के लक्षण होने पर तत्काल चिकित्सीय परामर्श ले। उन्होने सभी कार्मिकों से अपील किया कि प्रतिदिन एक कार्मिक किसी एक परिवार को इस सम्बंध में जागरूक करे। इस मौके पर पवन कुमार उप कमाण्डेंट सहित सभी अधिकारी तथा वाहिनी के

दबंगों ने किया भूमिधरी जमीन पर कब्जा का प्रयास

उतरांवः प्रयागराज। उतरांव थाना क्षेत्र के कहरा रसूलपुर फतूहा में दबंगों द्वारा एक किसान की भूमि धरी जमीन पर कब्जा का प्रयास किया गया। वही भूस्वामी ने राजस्व टीम व पुलिस को सूचना दिया तो दबंग मौके से फरार हो गए। रसूलपुर फतूहा गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद सिंह जो किसान है। जिनका कहरा रसूलपुर फतूहा में बाग के नाम दर्ज पुस्तैनी जमीन है। जिस पर गांव के दबंगों द्वारा जमीन पर मिट्टी डालकर कब्जा करने का प्रयास किया गया। आरोप है कि गांव के अचानक दर्जनों से ज्यादा दबंगों द्वारा जमीन पर मिट्टी डाला जा रहा था। पीड़ित राजेंद्र प्रसाद ने राजस्व व पुलिस विभाग को सूचना दिया तो मौके पर पहुंचे प्रशासन ने दबंगों को खदेड़ा तथा दबंगों द्वारा जमीन कब्जा के प्रयास को विफल किया। पीड़ित ने जिलाधिकारी, एसएसपी, आईजी, उप जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र प्रेषित कर दबंग किस्म के भूमाफियाओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग किया है।

हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत

उतरांवः प्रयागराज। उतरांव थाना क्षेत्र के नीमी थरिया गांव में हाई वोल्टेज की चपेट में आने से एक लगेन भैस की मौत हो गई। नीमी थरिया गांव निवासी चंद्रभान पुत्र हरिलाल जो भैस पालन कर पूरे परिवार का भरण पोषण करता है। बीती रात रोज की तरह वह भैंस को घर के सामने बांध दिया था। इसी बीच बगल से गए हाई वोल्टेज करंट का तार १ बजे टूट गया। टूटे तार की चपेट में भैस आ गई। पशुपालक शोर मचाते हुए बचाने में जुट गया। भैंस को बचाने में पशुपालक बहुत प्रयास किया। लेकिन वहां भैसा को बचाने में नकामयाब रहा।

नहीं रहे भाजपा नेता बलिकरन यादव

सहसोंः प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी गंगापार जिले के झूंसी मण्डल के पूर्व प्रभारी तथा गंगापार के वरिष्ठ नेता बलिकरन यादव की लम्बी बिमारी के चलते अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को छतनाग घाट पर होगा। शोक संतृप्त परिजनों को ढ़ाढ़स बधाने के लिए उनके पैतृक आवास ईसीपुर मलाँवा पहुंच कर गंगापार जिलाध्यक्ष अश्विनी कुमार द्विवेदी, मनोज निषाद, लवकुश पंडित, संजय मिश्र बनकटा, प्रमोद जायसवाल, तरुण मिश्रा, धर्म प्रचारक सर्वेश मिश्रा सहित भारी संख्या में भाजपाई पहुंच कर उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।